Australian Government

VIOLENCE AGAINST WOMEN
LET'S STOP IT
AT THE START

# बहुसांस्कृतिक लोगों को संदेश देने संबंधी दिशा-निर्देश

## इस दस्तावेज़ का उद्देश्य

यह दस्तावेज़ मीडिया, अभियान में दिलचस्पी रखने वाले और समुदाय के लोगों के लिए दिशा-निर्देशों के एक समूह के रूप में तैयार किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि *स्टॉप इट ऐट दि स्टार्ट* (इसे आरंभ में ही रोकें) अभियान से संबंधित हर संदेश पेशेवर, सुसंगत, और अभियान के मुख्य संदेशों और ऑस्ट्रेलियन सरकार की वचनबद्धताओं के अनुरूप हो।

## संबंधित लोगों के लिए संदेश

| | मुख्य संदेश |
|---|---|
| **सर्वोपरि संदेश** | *स्टॉप इट ऐट दि स्टार्ट* रोक-थाम का एक प्राथमिक अभियान है जो यह जानकारी देता है कि हम, वयस्क लोग महिलाओं के प्रति हिंसा के चक्र को कैसे समाप्त कर सकते हैं।<br>• महिलाओं के प्रति हर अपमान हिंसा में परिणत नहीं होता, लेकिन महिलाओं के खिलाफ़ हर हिंसा अपमानजनक व्यवहार से शुरू होती है।<br>• महिलाओं के प्रति हिंसा अभी भी हो रही है, और यह समस्या अभी सुलझी नहीं है।<br>• अपमान का यह चक्र आगे चल कर महिलाओं के प्रति हिंसा में परिणत हो सकता है, इसलिए माता-पिता, देख-भाल करने वाले और परिवार के सदस्यों के रूप में हम सभी को इस चक्र को तोड़ने में अपनी भूमिका निभानी होगी।<br>• हिंसा-समर्थक दृष्टिकोणों के पनपने के अनेक तरीकों में से एक तरीका अपमान का ऑनलाइन दिखाया जाना है। |
| **अपमान करने की छिपी प्रवृत्तियाँ** | युवा लोगों और उनके दृष्टिकोणों पर ऑनलाइन और वास्तविक जीवन में नए और शक्तिशाली प्रभाव डाले जा रहे हैं, जो उन्हें लिंग के आधार पर अपमान करने के लिए उकसाते हैं।<br>• माता-पिता और दूसरों को प्रभावित करने वाले लोग इस बात से अनभिज्ञ हैं कि युवा लोग ऑनलाइन किस तरह की बातचीत में भाग ले रहे हैं। इससे माता-पिताओं की जानकारी और समझ में बहुत बड़ी कमी दिखाई दे रही है। |

| | |
|---|---|
| | • हमारे बच्चों की धारणाएँ उनके आस-पास के वातावरण के आधार पर बनती हैं—वे विद्यालय में, अपने मित्रों के साथ, या ऑनलाइन जो सुनते और देखते हैं, और जिन चीज़ों के बारे में बातचीत करते हैं।<br>• सोशल मीडिया पर हम जो देखते हैं, वह सोशल मीडिया के एल्गोरिद्मों से प्रभावित होता है। बहुत से एल्गोरिद्म हमें वैसी ही सामग्री दिखाने के लिए बनाए जाते हैं जैसी हम अधिकतर देखते हैं। उदाहरण के लिए, कोई युवा व्यक्ति जितनी अधिक बार किसी पोस्ट को लाइक करता है, उस पर कमेंट करता है या उसे शेअर करता है, उतनी ही अधिक संभावना है कि उसे उसी विषय पर वैसी ही अन्य पोस्टें दिखाई जाएँगी।<br>• युवा लोगों को अपमानजनक सामग्री ऑनलाइन दिखाए जाने पर हम कोई पाबंदी नहीं लगा सकते या उसमें से ग़लत सामग्री नहीं निकाल सकते, लेकिन जो वे देख और सुन रहे हैं, हम उसे बेहतर तरीके से समझने के लिए क़दम उठा सकते हैं। |
| **सर्वजन द्वारा कार्रवाई करने के लिए आवाहन** | क्या आप जानते हैं कि आपके बच्चों को क्या कुछ प्रभावित कर रहा है?<br>respect.gov.au पर अपमान करने की छिपी प्रवृत्तियों के बारे में जानें, इससे पहले कि उनके कारण कोई हिंसा हो।<br>महिलाओं के प्रति हिंसा। आइए इसे शुरुआत से ही रोकें। |
| **काल्ड (CALD) लोगों द्वारा कार्रवाई करने के लिए आवाहन** | क्या आप जानते हैं कि आपके बच्चों को क्या कुछ प्रभावित कर रहा है?<br>respect.gov.au पर अपमान करने की छिपी प्रवृत्तियों के बारे में जानें, इससे पहले कि उनके कारण कोई हिंसा हो।<br>महिलाओं के प्रति हिंसा। आइए इसे शुरुआत से ही रोकें। |

# अकसर पूछे जाने वाले प्रश्न

## *स्टॉप इट ऐट दि स्टार्ट* अभियान क्या है?

- *स्टॉप इट ऐट दि स्टार्ट* अभियान रोक-थाम का एक प्राथमिक अभियान है, जिसका उद्देश्य लिंग पर आधारित हिंसा का समर्थन या उसे अनदेखा करने वाले दृष्टिकोणों और बरतावों को प्रभावित करके, लिंग पर आधारित हिंसा को समाप्त करना है।
- यह अभियान दूसरों का आदर करने के बारे में युवा लोगों के सोचने के तरीकों पर डाले जा रहे नकारात्मक और हिंसक ऑनलाइन प्रभावों का सामना करने की एक महत्त्वपूर्ण पहल है।

Australian Government

VIOLENCE AGAINST WOMEN
LET'S STOP IT
AT THE START

- *स्टॉप इट ऐट* दि स्टार्ट विस्तृत शोध पर आधारित है, जिससे यह ज्ञात हुआ है कि नए और सशक्त, ऑनलाइन और ऑफ़लाइन प्रभावों के बढ़ने के परिणाम स्वरूप, युवा लोगों और उनको प्रभावित करने वाले वयस्कों के दृष्टिकोणों और बरतावों में संरचनात्मक परिवर्तन अब स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं।
- अभियान के चरण 5 में हम वयस्कों को इस बात के लिए बढ़ावा देने पर ध्यान दे रहे है कि वे अपने मन में इस समस्या पर दोबारा ध्यान दें, जानकारी की अपनी कमी को दूर करें और उनके जीवन में जो युवा लोग हैं, उन्हें क्या प्रभावित कर रहा है, इसके बारे में उनसे बातचीत करें।

## अभियान कब और कहाँ चलाया जाएगा?

- अभियान टेलीविज़न, ऑनलाइन वीडियो, सोशल मीडिया, ऑनलाइन सर्च इंजिनों, जैसे गूगल, और सिनेमागृहों में 17 जून 2024 से 3 मई 2025 तक चलाया जाएगा।
- प्रचार के साथ-साथ जन-संपर्क की एक व्यापक लोकनीति का उपयोग किया जाएगा जिसमें मीडिया के साथ साझेदारी, आवश्यकतानुरूप संसाधन और टूल, समुदायों के साथ साझेदारी और अभियान की वैबसाइट शामिल हैं।
- अभियान की प्रचार सामग्री 4 भाषाओं में अनुवादित की गई है: अरबी, कैंटोनीज़, मैंडरिन और वियतनामी।
- अभियान की वैबसाइट पर व्यक्ति की आवश्यकतानुरूप बनाया गया एक टूल है जिसका नाम एल्गोरिद्म ऑफ डिसरिस्पेक्ट™ है – यह एक युवा व्यक्ति के सोशल मीडिया के अनुभवों को दर्शाने के लिए बना है, इसमें यह देखा जा सकता है कि वे किस तरह के प्रभावों का सामना कर रहे हैं।

## अभियान किन लोगों को संबोधित करते हुए चलाया जा रहा है?

- अभियान उन वयस्कों को संबोधित करता है जिनके जीवन में 10-17 वर्ष की आयु के युवा हैं और उन्हें अपमान करने की इन छिपी प्रवृत्तियों के बारे में अधिक जानने के लिए प्रोत्साहित करता है। माता-पिता, देख-भाल करने वाले, अभिभावक, यहाँ तक कि खेलों के कोच, अध्यापक और समुदायों के नेता, युवा लोगों के दृष्टिकोणों और उनकी मान्यताओं को गढ़ने में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं।
- *स्टॉप इट ऐट दि स्टार्ट* अभियान का उद्देश्य पूरी पीढ़ी के लिए परिवर्तन लाना है। बच्चे हम लोगों से सीखते हैं। इसलिए, माता-पिता, परिवार के सदस्य, अध्यापक, कोच, नियोक्ता, समुदायों के नेता और रोल मॉडल होने के नाते, हम सभी को शुरुआत से ही मानक तय करने होंगे कि क्या स्वीकार्य है और क्या नहीं।

## क्या कोई अनुवादित संसाधन उपलब्ध हैं?

- अभियान के इस चरण के लिए ये अनुवादित संसाधन हैं:
  - सम्मानपूर्वक बातचीत करने के लिए पॉकेट गाइड
  - अपमान करने की छिपी प्रवृत्तियों की गाइड
  - मुद्दे के बारे में गाइड

- ये संसाधन अभियान की 11 भाषाओं में अनुवादित किए गए हैं: अरबी, कैंटोनीज़, फिलीपीनो (टेगालॉग), हिंदी, हज़ारगी, कोरियाई, मैंडरिन, नेपाली, पंजाबी, थाई, और वियतनामी। ये अभियान की वैबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

## इस अभियान से किस प्रकार के प्रभावों की अपेक्षा की जा रही है?

- अभियान का सर्वोपरि उद्देश्य लिंग पर आधारित हिंसा का समर्थन या उसे अनदेखा करने वाले दृष्टिकोणों और बरतावों को प्रभावित करके, लिंग पर आधारित हिंसा को रोकना है।
- अभियान की अपेक्षाओं में ये भी हैं:
  - वयस्कों में युवा लोगों के दृष्टिकोणों और उनके बरताव पर पड़ने वाले उन नए, नकारात्मक प्रभावों के बारे में जानकारी और समझ को बढ़ाना, जो उन्हें महिलाओं के प्रति अपमान और हिंसा  करने के लिए उकसाते हैं।
  - दूसरों को प्रभावित करने वाले वयस्क लोगों में युवा लोगों के साथ महिलाओं के प्रति अपमान और हिंसा के बारे में सक्रिय रूप से समय-समय पर लगातार बातचीत करते रहने के महत्त्व के बारे में समझ को बढ़ाना।
  - लोगों को प्रभावित करने वाले उन वयस्क लोगों की संख्या में वृद्धि करना जो युवाओं पर महिलाओं के प्रति अपमान और हिंसा के नए, नकारात्मक प्रभावों के बारे में जानकारी लेना चाहते हैं या युवा लोगों से इसके बारे में बातचीत करना चाहते हैं।

## एल्गोरिद्म ऑफ डिसरिस्पेक्ट™ क्या है?

- एल्गोरिद्म ऑफ डिसरिस्पेक्ट™, देखने वालों के लिए एक इंटरेक्टिव शिक्षाप्रद टूल है जो एक युवा व्यक्ति के ऑनलाइन अनुभवों को दर्शाता है।
- यह वयस्कों को अपमान के उन नए, छिपे हुए रूपों को दिखाने और उनके बारे में शिक्षित करने के लिए बनाया गया है जिनके साथ युवा लोग आए-दिन ऑनलाइन जुड़ रहे हैं।
- इसके अनुभव के माध्यम से लोग यह समझ सकेंगे कि युवा लोगों को उनके सोशल मीडिया पर देखी जाने वाली सामग्री में हानिकारक और अपमानजनक सामग्री कितनी आसानी से दिखाई जा सकती है और अपमान करना कितनी आसानी से स्वीकार्य बन सकता है।